सत्यमेव जयते

राज्यपाल सचिवालय, बिहार

राजभवन, पटना–800022

अपीलीय प्राधिकार के समक्ष सूचना का अधिकार संबंधी अपील वाद

संख्या–63 (लो0सू0अ0)/2022–23

श्री बिजेन्द्र कुमार सिंह, राजेन्द्र नगर, सोहनी पट्टी, वार्ड नं॰–33, नया बस स्टैण्ड, बक्सर, बिहार–802101

बनाम

लोक सूचना पदाधिकारी, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, पटना

आदेश की क्रम संख्या एवं तिथि	आदेश फलक	
01.12.2022	श्री बिजेन्द्र कुमार सिंह, राजेन्द्र नगर, सोहनी पट्टी, वार्ड नं॰–33, नया बस स्टैण्ड, बक्सर, बिहार–802101 के माध्यम से एक प्रथम अपील आवेदन दिनांक–29. 11.2022 इस कार्यालय में दिनांक–30.11.2022 को प्राप्त हुआ है। उक्त अपील आवेदन के साथ शुल्क के रूप में 10/- रूपए का पोस्टल ऑर्डर संख्या–59F 802484 दिनांक–अस्पष्ट संलग्न है। इसे लेखा शाखा को हस्तगत करायें। अपीलकर्त्ता श्री बिजेन्द्र कुमार सिंह ने अपने अपील आवेदन में यह सूचित किया है कि उनके द्वारा दिनांक–01.11.2022 को सूचना अधिकार अधिनियम–2005 के अन्तर्गत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन लोक सूचना पदाधिकारी, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग को दिया था, परंतु मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के लोक सूचना पदाधिकारी द्वारा सूचना उपलब्ध नही करने के फलस्वरूप राज्यपाल सचिवालय में प्रथम अपील दायर किया है। साथ ही उन्होंने उक्त अपील आवेदन के साथ प्रपत्र 'क' दिनांक–01.11. 2022 की प्रति भी संलग्न की है। विदित हो कि सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत किसी भी विभाग के लोक सूचना पदाधिकारी के प्रथम अपीलीय प्राधिकार के रूप में महामहिम राज्यपाल, बिहार Designated नहीं है। प्रत्येक विभाग के अन्तर्गत लोक सूचना पदाधिकारी एवं प्रथम अपीलीय प्राधिकार उसी विभाग के पदाधिकारी designated होते हैं। प्रश्नगत मामले में यह मंत्रिमंडल सचिवालय के ही अन्य वरीय पदाधिकारी होगें। अपीलार्थी ने गलत अपीलीय प्राधिकार के समक्ष अपना अपील आवेदन समर्पित किया है। अतः प्राप्त अपील आवेदन को अस्वीकृत किया जाता है। सभी संबंधित को सूचित करें। (हस्ताक्षर) 1/12/2022 विशेष कार्य पदाधिकारी –सह– प्रथम अपीलीय प्राधिकार	